Roll No.

# 114

## कक्षा 11वीं परीक्षा, 2021-22

[221101-D]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23]

[Time: 03 Hours]

[Total No. of Printed Pages: 08]

[Maximum Marks: 80]

*निर्देश* --

(1) *सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

(2) *प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1X32=32 अंक निर्धारित हैं।*

(3) *प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।*

(4) *प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।*

(5) *प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।*

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×6=6)

(i) प्रकृति के चितेरे कवि हैं –

(अ) भवानी प्रसाद मिश्र

(ब) सुमित्रानदन पंत

(स) जयशंकर प्रसाद

(द) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(ii) 'नमक का दारोगा' कहानी का प्रकाशन वर्ष है –

(अ) 1904

(ब) 1914

(स) 1924

(द) 1934

(iii) भरतमुनि द्वारा रचित ग्रंथ का नाम है –

(अ) नाट्यशास्त्र

(ब) साहित्यशास्त्र

(स) संगीतशास्त्र

(द) कलाशास्त्र

(iv) हिन्दी का प्रथम साप्ताहिक पत्र था –

(अ) बंगाल गजट

(ब) उदंत मार्तण्ड

(स) सरस्वती

(द) कर्मवीर

(v) लोक प्रचलित अथवा शब्दकोश आधारित शब्द के अर्थ का ज्ञान कौन सी शब्द शक्ति से होता है?

(अ) अभिधा

(ब) लक्षणा

(स) व्यंजना

(द) कल्पना

(vi) 'जो किए गये उपकार को मानता हो' के लिए एक शब्द है –

(अ) कृतघ्न

(ब) कृतज्ञ

(स) कृपापात्र

(द) उपकारी

प्र.2 रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×7=7)

(i) 'साये में धूप' दुष्यंत कुमार का .................................................. संग्रह है।

(कहानी संग्रह / गज़ल संग्रह / निबंध संग्रह)

(ii) 'स्पीति में बारिश' एक .................................................. है।

(रेखाचित्र / संस्मरण / यात्रा वृत्तांत)

(iii) कुंई की खुदाई का काम .................................................. कहलाता है।

(चेजारो / चेजा / चेवाजी)

(iv) पटकथा को अंग्रेजी में .................................................. कहते हैं।

(रेडियो प्ले / पिक्चर प्ले / स्क्रीन प्ले)

(v) रस के .................................................. अंग होते हैं। (दो / चार / नौ)

(vi) रचना के आधार पर वाक्य के .................................................. भेद होते हैं।

(तीन / चार / आठ)

(vii) ..................................................को हिन्दी निबंध का स्वर्णकाल माना जाता है।

(प्रसाद युग / शुक्ल युग / शुक्लोत्तर युग)

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए – (1×6=6)

| | |
|---|---|
| (i) युगवाणी | (क) शेखर जोशी |
| (ii) नौरंगी बीमार है | (ख) अगम्य। |
| (iii) राजस्थान की रजत बूंदें | (ग) सुमित्रानंदन |
| (iv) भारत की पहली बोलती फिल्म | (घ) अनुपम मिश्र |
| (v) कवित्त | (ङ) आलम आरा |
| (vi) जहां पहुंचा न जा सके | (च) 31 वर्ण |
| | (छ) दुर्गा |

प्र.4 एक वाक्य मे उत्तर लिखिए (1×7=7)

(i) 'वानर' नामक बाल पत्रिका का संपादन किसने किया?

(ii) जामुन का पेड़ कहाँ गिरा था?

(iii) लता जी की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?

(iv) टी.वी. सेवा को दूरदर्शन नाम कब दिया गया?

(v) चरण में मात्राओं के आधार पर सोरठा छंद का ठीक विपरीत (उल्टा) छंद कौन सा है?

(vi) मुहावरा किस भाषा का शब्द है?

(vii) छायावाद के प्रवर्तक का नाम लिखिए।

प्र.5 सत्य/असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) कबीर ने बाहरी आडम्बरों का विरोध किया है।

(ii) मियां नसीरुद्दीन छियालीस प्रकार की रोटियां बनाने के लिए मशहूर थे।

(iii) भारतीय संगीतशास्त्र का मुख्य वाद्य सितार रहा है।

(iv) ऐनी फ्रैंक की डायरी 'द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल' मूलतः फ्रेंच भाषा मे लिखी गई थी।

(v) गणों की संख्या 9 मानी गई है।

(vi) प्रत्यय मूल शब्द के आगे लगाया जाता है।

प्र.6 रीतिकाल के दो कवि एवं उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रगतिवाद की दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

प्र.7 मीरा किसकी उपासना करती है तथा वह किस रूप मे करती है? (2)

**अथवा**

किसान के बैलों की जोड़ी की कुर्की किसने और क्यों करवा दी?

प्र.8 जीवनी तथा आत्मकथा में दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

भारतेन्दु युग के दो प्रमुख निबंधकारों के नाम एवं उनकी एक-एक रचना लिखिए। (2)

प्र.9 किसान सामान्यतः 'भारत माता' का क्या अर्थ लेते थे?

अथवा

"बिरादरी का यही सहारा होता है" यह कथन किसने किससे कहा? लिखिए (2)

प्र.10 गुप्त काल को कला का स्वर्ण काल क्यों कहा गया है?

अथवा

चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है? (2)

प्र.11 निम्नलिखित शब्दों को क्रम में लिखिए –

क्रम, क्रन्दित, क्रन्दन, क्रमशः

अथवा

अंतर–वैयक्तिक संचार से क्या आशय है? (2)

प्र.12 विरोधाभास अलंकार का उदाहरण लिखिए।

अथवा

अनुभव किसे कहते हैं? (2)

प्र.13 ओज गुण की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

अथवा

दोहा छंद को उदाहरण सहित समझाइए। (2)

प्र.14 राष्ट्रभाषा और राजभाषा में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

लोकोक्ति और मुहावरे में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

प्र.15 निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए –

(क) आग (ख) गांव

अथवा

सार लेखन करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? लिखिए। (कोई दो) (2)

प्र.16 **कबीर अथवा रामनरेश** त्रिपाठी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य मे स्थान

प्र.17 **मन्नू भंडारी अथवा** कृश्न चंदर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भाषा शैली

(iii) साहित्य मे स्थान

प्र.18 निम्नलिखित पंक्ति का भाव पल्लवन कीजिए
पहला सुख निरोगी काया। (3)

अथवा

निम्नलिखित पंक्ति पर सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए
विद्यार्थी जीवन

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

वास्तव में हृदय वही है जो कोमल भावों और स्वदेश प्रेम से ओतप्रोत हो। प्रत्येक देशवासी को अपने वतन से प्रेम होता है, चाहे उसका देश सूखा, गर्म या दलदलों से युक्त हो। देश प्रेम के लिए किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो अपनी भूमि के प्रति मनुष्य मात्र की स्वाभाविक ममता है। मानव ही नहीं, पशु–पक्षियों तक को अपना देश प्यारा होता है। संध्या समय पक्षी अपने नीड़ की ओर उड़े चले जाते हैं। देश प्रेम का अंकुर सभी में विद्यमान है। कुछ लोग समझते हैं कि मातृभूमि के नारे लगाने से ही देश प्रेम व्यक्त होता है। वे दिनभर देश प्रेम, त्याग, बलिदान और वीरता की कथा सुनाते नही थकते, लेकिन परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़े होते हैं। ऐसे लोग स्वार्थ त्याग कर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा क्या करेंगे? आज ऐसे लोगों की आवश्यकता नही, बल्कि मन से समर्पित लोगों की आवश्यकता है। (3)

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) आज कैसे लोगों की आवश्यकता है?

(iii) गद्यांश का सारांश लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

संकटों से वीर घबराते नहीं,
आपदाएं देख छुप जाते नहीं।
    लग गए जिस काम में, पूरा किया,
    काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता,
कर्मवीरों को न इससे वास्ता।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) संकटों से कौन घबराते नहीं है? (4)

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए –

मैं मज़े में हूँ सही है,
घर नहीं हूँ बस यही है,
किंतु यह बस बड़ा बस है,
इसी बस से सब विरस है।

अथवा

पग घुँघरू बांधि मीरां नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहि हो गई साची।
लोग कहैं, मीरा भई बावरी, न्यात कहैं कुल नासी
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरां हाँसी।
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी।।

निम्नलिखित गद्यांश का सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(4)**

दुनिया सोती थी, पर दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक–वृद्ध सबके मुँह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए, वही पण्डित जी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थी, मानो संसार से पापी का पाप कट गया हो।

**<u>अथवा</u>**

मियाँ नसीरुद्दीन हमारी ओर कुछ ऐसे देखा किए कि उन्हें हमसे जवाब पाना हो। फिर बड़े ही मजे अंदाज़ में कहा – कहने का मतलब साहिब यह कि – "तालीम की तालीम भी बड़ी चीज़ होती है।"

प्र.22 कक्षा 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति मंगवाने हेतु सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल, मध्यप्रदेश को एक आवेदन पत्र लिखिए। **(4)**

**<u>अथवा</u>**

आपका मित्र एक शासकीय चिकित्सक है। वह निरंतर कोरोना मरीजों का इलाज कर रहा है। उसके योगदान हेतु उसे एक सद्भावना पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए – **(4)**

(i) युवा समर्थ, देश समर्थ

(ii) वैश्विक आपदा – कोरोना

(iii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(iv) मोबाइल का हमारे जीवन पर प्रभाव

---